**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2462**

**जिसका उत्तर 03 अगस्त, 2023 को दिया जाना है।**

.....

**खारे पानी का अंतर्वेधन**

**2462. श्री एस. रामलिंगम:**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु के तटीय जिले और कावेरी नदी प्रणाली के अंतिम छोर, विशेष रूप से सिरकाली, नागापट्टिनम, अलाकुड्डी, मयिलादुथुराई, पझाया अग्रहारम, कावेरीपूमपट्टिनम स्थानों में खारे पानी के अंतर्वेधन को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने उच्च ज्वार के समय समुद्री जल के प्रवेश के कारण मिट्टी की लवणता को परिवर्तित करने के लिए कावेरी बेसिन में टेल एंड रेगुलेटर परियोजना (बेड बांध) को कोई वित्तीय सहायता दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने तमिलनाडु राज्य द्वारा प्रस्तावित 'कावेरी नदी बेसिन आधुनिकीकरण योजना' के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान उक्त योजना के अंतर्गत तमिलनाडु को स्वीकृत और वितरित वित्तीय सहायता कितनी है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडु)**

**(क):** कावेरी नदी प्रणाली सहित तमिलनाडु के तटीय जिलों में खारे पानी के अंतर्वेशन को रोकने के लिए केन्द्र सरकार और तमिलनाडु राज्य द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं। इस संबंध में कुछ कदम निम्नानुसार हैं।

केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) अपने भूजल गुणवत्ता निगरानी कार्यक्रम और विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के भाग के रूप में क्षेत्रीय स्तर पर तमिलनाडु सहित देश के भूजल गुणवत्ता आंकडे तैयार करता है। इन अध्ययनों से तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में और पृथक क्षेत्रों में लवणता (ईसी: विद्युत चालकता 3000 माइक्रो एमएचओएस/सेमी से अधिक) की घटना का संकेत मिलता है। जल गुणवत्ता संबंधी आंकडे उपयुक्त कार्यकलापों के लिए राज्यों के साथ साझा किए जाते हैं।

इसके अलावा, सीजीडब्ल्यूबी ने विभिन्न गहराई के 60 पीजोमीटर निर्मित किए हैं और भूजल स्तरों, जल गुणवत्ता (लवणता) और तापमान की वास्तविक समय की निगरानी के लिए उत्तर में तिरुवल्लूर

जिले से शुरू होकर दक्षिण में तिरुनेलवेली जिले तक तमिलनाडु और पुडुचेरी के तट पर डिजिटल जल स्तर रिकॉर्डर (डीडब्ल्यूएलआर) स्थापित किए हैं।

60 स्थानों में से, 08 डीडब्ल्यूएलआर (मयिलादुथुरई - 01; नागपट्टिनम - 01; तंजावुर -04; पुडुकोट्टई - 01; तिरुवावुर - 01) कावेरी डेल्टा में स्थापित किए गए हैं। भूजल लवणता, तापमान और भूजल स्तर के आंकड़ों की निगरानी की जा रही है और हर छह घंटे के अंतराल के बाद राज्य और राष्ट्रीय जल सूचना विज्ञान केंद्र (एनडब्ल्यूआईसी) को प्रेषित किए जा रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा तटीय क्षेत्रों में लवणता प्रवेश (इनग्रेस) प्रबंधन परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए एक मसौदा दिशानिर्देश तैयार किया गया है ताकि लवणता प्रवेश प्रबंधन परियोजनाओं की आयोजना और निष्पादन को सुकर बनाया जा सके।

इसके अतिरिक्त, तमिलनाडु राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, तमिलनाडु के जल संसाधन विभाग (सीएसआईआर-एनजीआरआई सहित) और डेनिश पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (डीईपीए) (जिसमें डेनमार्क और ग्रीनलैंड का भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीईयूएस) और आरहस विश्वविद्यालय के अग्रणी विशेषज्ञ शामिल हैं) ने इस मामले पर अध्ययन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसके अतिरिक्त, खारे जल के अंतर्वेशन को रोकने के लिए तमिलनाडु के तटीय जिलों में तमिलनाडु सरकार द्वारा उठाए गए कुछ कदम **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं।

**(ख):** तमिलनाडु सरकार द्वारा नाबार्ड, एशियाई विकास बैंक की वित्तीय सहायता से और उसकी स्वयं की निधियों से कावेरी बेसिन प्रणाली में टेल एंड रेगुलेटरों का सृजन करने के लिए अनेक कार्य शुरू किए गए हैं। ऐसी परियोजनाओं का ब्योरा **अनुलग्नक-II में** दिया गया है।

**(ग) और (घ):** उपलब्ध सूचना के अनुसार, कावेरी नदी बेसिन संबंधी आधुनिकीकरण योजना का प्रस्ताव नहीं किया गया है।

*****

**अनुलग्नक - I**

**"खारे जल के अंतर्वेशन" के संबंध में 03.08.2023 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2462 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**<u>निचली कावेरी बेसिन सर्कल, तंजावुर</u>**

1. कुड्डालोर जिला, चिदंबरम तालुक, थिरुक्काझिपलाई गांव और मयिलादुथुरई जिले, सिरकाझी तालुक, अलाकुडी गांवों के बीच खारे जल के अंतर्वेशन को रोकने के लिए 702.40 करोड़ रुपये मूल्य पर कोलेरून नदी पर एक टेलेंड संरचनाओं के निर्माण के कार्य के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और आकलन तैयार किया गया है।

2. नागपट्टिनम तालुक और जिले के उथामाचोलापुरम गांव में मील 92/0 पर वेट्टार नदी पर 46.70 करोड़ रुपये मूल्य पर नए टेलएंड रेगुलेटर के निर्माण के कार्य के लिए आकलन तैयार किया गया है।

3. नाबार्ड ऋण सहायता के अंतर्गत 7.87 करोड़ रुपये मूल्य से नागपट्टिनम (अब मयिलादुथुरई) जिले के सिरकाली तालुक के धर्मकुलम गांव में 152.300 किमी की एलएस में कावेरी नदी पर नए टेलएंड रेगुलेटर के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है और पूरा कर लिया गया है।

**<u>विशेष परियोजना सर्कल, त्रिची</u>**

1. कुड्डालोर और नागपट्टिनम जिले के अधानुर और कुमारमंगलम गांवों में 463.25 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि से आरडी 74/3 मील की दूरी पर कोलेरून नदी पर हेड स्लूस वाले बैराज का निर्माण किया गया है।

2. इस बैराज का निर्माण 1064.40 मीटर की लंबाई के लिए किया जा रहा है, जिसमें 0.334 टीएमसी को स्टोर करने के लिए 84 वेंट (+9.50 मीटर सिल के साथ 3.55 मीटर ऊंचाई के 12 वेंट और +10.00 मीटर सिल के साथ 3.05 मीटर ऊंचाई के 72 वेंट) में स्टील शटर लगाए गए हैं।

*****

**अनुलग्नक-II**

**"खारे जल के अंतर्वेशन" के संबंध में 03.08.2023 को लोकसभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 2462 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**<u>निचली कावेरी बेसिन सर्कल, तंजावुर</u>**

**<u>नाबार्ड ऋण सहायता के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य शुरू किए गए थे:</u>**

1. नागपट्टिनम जिले के सिरकाली तालुक के पुडुपट्टिनम गांव (थारगास अंजनेयर मंदिर के पास) में 7.100 किलोमीटर की दूरी पर किटियानाई उपपानार में 11.37 करोड़ रुपये मूल्य से टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है और पूरा कर लिया गया है।

2) नागपट्टिनम जिले के सिरकाली तालुक के थेनमपट्टिनम गांव में समुद्र के जल के अंतर्वेशन को रोकने के लिए 9.76 करोड़ रुपये की लागत से तिरुवली टैंक के तिरुनागिरी चैनल के संगम के नीचे टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है और पूरा कर लिया गया है।

3) नागपट्टिनम जिले में थरंगमबाड़ी तालुक के कलामनल्लूर गांव में मंजलर नदी @ एलएस 146.500 किमी पर 7.90 करोड़ रुपये के मूल्य से टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है और पूरा कर लिया गया है।

4) नागपट्टिनम (अब मयिलादुथुरई) जिले के सिरकाली तालुक के धर्मकुलम गांव में एलएस 152.300 किमी में कावेरी नदी पर 7.87 करोड़ रुपये के मूल्य से नए टेल एंड रेगुलेटर के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है और पूरा कर लिया गया है।

5) नागपट्टिनम जिले के वेदारण्यम तालुक के सेट्टीचेरी गांव में एलएस 156.130 किमी में कडुवैयार नदी पर 16.2734 करोड़ रुपये की लागत से टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है और पूरा कर लिया गया है।

6) नागपट्टिनम जिले के तिरुनागिरी गांव सिरकाली तालुक में वेल्लापालम उप्पनार @ एलएस 21.200 किमी में 30.96 करोड़ रुपये के मूल्य से टेलएंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है।

7) नागपट्टिनम और तिरुवरूर जिले के जगन्नाथपुरम गांव में देवनथी (उपनार नाले) पर 18.61 करोड़ रुपये के मूल्य से टेलेंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है।

**<u>राज्य निधि योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य शुरू किए गए थे:</u>**

नागपट्टिनम जिले के वेदारनियम तालुक के एगराजपुरम गांव में एलएस 11.50 किलोमीटर पर 4.8192 करोड़ रुपये की लागत से सक्किलियान वोइक्कर में टेलएंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है और पूरा किया गया है।

**<u>सीएवीएससीडीपी के अंतर्गत एडीबी की ऋण सहायता से निम्नलिखित कार्य शुरू किए गए थे:</u>**

1. नागपट्टिनम जिले के कीलवेलूर तालुक के महिझी गांव में एलएस 153.65 किलोमीटर में वेल्लैयार नदी पर 4.50 करोड़ रुपये की लागत से टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है और पूरा किया गया है।

2. तिरुवरूर जिले के थिरुथुराईपोंडी तालुक के थोंडियाक्काडु गांव में एलएस 19.30 किमी में वलावनार नदी पर 12.00 करोड़ रुपये की लागत से टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है और पूरा कर लिया गया है।

3. नागपट्टिनम जिले के कीलवेलूर तालुक के वेट्टाईक्करन इरुप्पु गांव में एलएस 160.20 किमी में हरिचंद्रनाथी पर 4.00 करोड़ रुपये की लागत से टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है और पूरा कर लिया गया है।

4. नागपट्टिनम जिले के वेदारण्यम तालुक के कल्लिमेडु गांव में एलएस 168.65 किमी में अडाप्पर नदी पर 20.00 करोड़ रुपये की लागत से टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण कार्य शुरू किया गया है और पूरा कर लिया गया है।

**<u>कावेरी ईआरएम परियोजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य प्रगति पर हैः</u>**

1. नागपट्टिनम जिले (अब मयिलादुथुरई जिला) के थरंगमपाडी तालुक के पोरैयार गांव में एलएस 146.500 किलोमीटर में वीराचोलन नदी पर 3.89 करोड़ रुपये के मूल्य पर टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है।

2. नागपट्टिनम जिले (अब मयिलादुथुरई जिला) के सिरकाली तालुक के पेरुमलपेट्टई गांव में महिमाझैयार नदी पर 0.52 करोड़ रुपये की लागत से टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है।

3. नागपट्टिनम जिले (अब मयिलादुथुरई जिला) के थरंगमपाडी तालुक के सथनकुडी गांव में एलएस 3.55 किमी में उपपन नदी पर 9.73 करोड़ रुपये के मूल्य पर टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है।

4. नागपट्टिनम जिले (अब मयिलादुथुरई जिला) के सिरकाली तालुक के नेथावासल गांव में एलएस 7.00 किमी में नेथावासल चैनल पर 0.35 करोड़ रुपये की लागत से टेल एंड रेगुलेटर का निर्माण शुरू किया गया है।

*****